पंजाब केसरी 11/12/2025

लीगल अवेयरनैस किसी सशक्त और न्यायप्रिय समाज की नींव : डॉ. रोहित दत्त

अम्बाला, 10 दिसम्बर (बलराम): छावनी के गांधी मैमोरियल नैशनल कॉलेज में लीगल लिटरेसी सैल और इंटरनल कम्प्लेंट कमेटी के संयुक्त तत्वावधान में एन.ए.एल.एस.ए. इनिशिएटिव्स पर आधारित लीगल अवेयरनैस प्रोग्राम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में कानूनी जागरूकता बढ़ाना और कानूनी सहायता योजनाओं की जानकारी देना रहा। कार्यक्रम के दौरान मुख्य वक्ता एडवोकेट अमिता वर्मा ने एन.ए.एल.एस.ए. जागृति के तहत रूरल लीगल नॉलेज, फंडामैंटल राइट्स, मैंटल इलनैस एवं बौद्धिक विकलांगता से संबंधित विशेष कानूनी सेवाओं, मैडीएशन सैंटर्स की भूमिका और एन.ए.एल.एस.ए. वीर परिवार सहायता योजना जैसे विषयों पर विद्यार्थियों को बहुत ही सरल एवं रोचक तरीके से जानकारी दी। उन्होंने समाज में एम्पैथी, लीगल प्रोटैक्शन और आपसी समझ की जरूरत पर भी जोर दिया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कॉलेज के प्रिंसिपल डॉ. रोहित दत्त ने कहा कि लीगल अवेयरनैस किसी सशक्त और न्यायप्रिय समाज की नींव होती है। उन्होंने विद्यार्थियों को अपने अधिकारों के प्रति सजग रहने और न्यायिक प्रक्रियाओं की समझ विकसित करने के लिए प्रेरित किया। डॉ. दत्त ने इस तरह के आयोजनों को विद्यार्थियों के हॉलिस्टिक डिवैल्पमैंट के लिए बेहद उपयोगी बताया।

इस अवसर पर डॉ. भारती विज, डॉ. सरोज बाला, डॉ. मनजीत कौर, प्रो. जस्मिता हांडा, प्रो. रीतिका और प्रो. प्रियंका बाल्दिया आदि विशेष तौर पर उपस्थित रहीं।

गांधी मैमोरियल नैशनल कॉलेज में आयोजित लीगल अवेयरनैस प्रोग्राम में भाग लेते विद्यार्थी। (चंद्रमोहन)